राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 353 लखनऊ,
शुक्रवार 15 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 16 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मांगों को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन 04

पाकिस्तान की आर्थिक नाकामी फिर उजागर 06

**सूचना**

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 15 और 16 अगस्त 2025 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 18 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस इतिहास के दुखद अध्यायों में से एक : प्रधानमंत्री

**पीएम मोदी ने विभाजन के दंश से प्रभावित लोगों को दी श्रद्धांजलि**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर देश के इतिहास के सबसे दुखद अध्यायों में से एक के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेली गई अपार पीड़ा को गंभीरता से याद किया और अपने प्राण गंवाने वालों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री ने विभाजन के दंश से प्रभावित लोगों के साहस और दृढ़ इरादों को



भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अकल्पनीय क्षति का सामना करने के बावजूद अपने जीवन को फिर से बनाने की शक्ति पाने की उनकी क्षमता को नमन किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाता है और हमारे इतिहास के उस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा झेली गई उथल-पुथल और पीड़ा को याद करता है। यह उनके साहस...अकल्पनीय क्षति का सामना करने और फिर भी नए सिरे से शुरुआत करने की शक्ति पाने की उनकी क्षमता का सम्मान करने का भी दिन है। प्रभावित हुए कई लोगों ने अपने जीवन को फिर से बनाया और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। यह दिन हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की हमारी स्थायी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है। उल्लेखनीय है कि 1947 में आजादी से पहले देश के बंटवारे की त्रासदी के दौरान प्राण गंवाने और विभाजन की पीड़ा झेलने वाले लोगों के सम्मान में यह दिन मनाया जाता है।

### विभाजन के दर्द को कभी भुला नहीं सकेगा देश : शाह



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश विभाजन के इतिहास और दर्द को कभी भुला नहीं सकेगा। श्री शाह ने गुरुवार को यहां विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन की विभीषिका में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, देश के विभाजन और उसकी त्रासदी के शिकार लोगों के दर्द को याद कर संवेदना व्यक्त करने का दिन है।

## पुलिस, अग्निशमन व नागरिक सुरक्षा के 1090 कर्मियों को वीरता व सेवा पदक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा तथा सुधार सेवाओं के कुल 1090 कर्मियों को राष्ट्रपति के वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि 233 कर्मियों को राष्ट्रपति के वीरता पदक, 99 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। कुल 233 राष्ट्रपति वीरता पदकों में से 226 पुलिसकर्मियों को, छह अग्निशमन सेवा कर्मियों को एक सैन्य एवं अर्धसैनिक बल कर्मियों को दिये गये हैं। राष्ट्रपति का वीरता पदक जीवन और संपत्ति की रक्षा करने, अपराध रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने में किए गए असाधारण वीरतापूर्ण कार्य और वीरता के विशिष्ट कार्य के आधार पर प्रदान किए जाते हैं।

## थोक मुद्रास्फीति जुलाई में शून्य से 0.58 प्रतिशत नीचे

**नयी दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं खनिज तेलों प्राकृतिक गैस और धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति जुलाई 2025 में माह दर माह और गिरकर शून्य से 0.58 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। जारी थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार जुलाई में प्राथमिक वस्तुओं का थोक मूल्य स्तर पिछले साल इसी माह की तुलना में 4.95 प्रतिशत नीचे था। बिजली व ईंधन वर्ग में थोक भाव सालाना आधार पर 2.43 प्रतिशत कम दर्ज किए गए और खाद्य कीमतों में भी एक साल पहले 2.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## विकसित भारत के निर्माण में यूपी की भूमिका होगी निर्णायक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में विजन 2047 पर 24 घंटे से अधिक चली ऐतिहासिक चर्चा का समापन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भारत विकसित तब बनेगा, जब हर राज्य अपनी भूमिका निभाएगा और इसमें उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा।



मुख्यमंत्री ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के 187 विधायकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी ने गंभीरता और रुचिपूर्ण ढंग से बहस को सार्थक बनाया। उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक चली यह चर्चा लोकतंत्र की शक्ति और सदस्यों की गंभीरता का प्रमाण है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य ही नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का ध्वजवाहक भी है। उत्तर प्रदेश सिर्फ बड़ी आबादी वाला राज्य नहीं, यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा का केंद्र बिंदु है। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि 2023 में लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो उत्तर प्रदेश भारत की ग्रोथ का ड्राइविंग फोर्स बनेगा।






# मांगों को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## मिहींपुरवा तहसील में किसानो की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा, सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर तहसील मुख्यालय पहुंचे किसान

समृद्धि न्यूज

**मिहींपुरवा, बहराइच।** भारतीय किसान यूनियन (अ. टिकैत) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को किसानों, खेत मजदूरों, आदिवासियों और ग्रामीण गरीबों की समस्याओं को लेकर मिहींपुरवा तहसील तक तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा तिरंगा यात्रा नैनिहा गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न गांव होते हुए तहसील मुख्यालय पहुंची। जहां संगठन के पदाधिकारियों ने स्थानीय किसानों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन एसडीएम मिहींपुरवा को सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की गई कि क्षेत्र में हो रही खाद्य यूरिया की कमी को तत्काल दूर किया जाये जिससे किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके।

इसके अलावा क्षेत्र में विद्युत की अघोषित कटौती से परेशान किसानों ने विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु भी सरकार से अपील की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरवंत सिंह चीमा ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते, एफडीआई, सीईसीए, सीईपीए जैसे प्रावधानों के कारण किसानों पर विपरीत असर पड़ रहा है। इससे कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री पर कॉरपोरेट का वर्चस्व बढ़ेगा, जिसके चलते खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण व वितरण प्रणालियों पर नियंत्रण हो जाएगा। ज्ञापन में ष्ट2 + 50त्न फार्मूले के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी का कानून बनाने, निजी फाइनेंस कंपनियों द्वारा किसानों पर बढ़ते कर्ज और सूदखोरी पर रोक, सभी प्रकार के कृषि ऋण माफ करने, और कृषि इनपुट पर जीएसटी समाप्त करने की मांग की गई। संगठन के प्रदेश महासचिव मलकीत सिंह चीमा ने कहा कि बजाज चीनी मिल खम्भार खेड़ा लखीमपुर की ओर से बहराइच के गन्ना किसानों को भुगतान किया जाए। तूने बताया कि गन्ना किसान का भुगतान पिछले एक वर्ष से नहीं दिया गया है जिसे तत्काल दिया जाए। इसके साथ ही सरकार से मांग की गई कि किसानों और गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली, सिंचाई और शिक्षा की सुविधा दी जाए। उत्तर प्रदेश में आदिवासी स्कूलों को बंद करने का निर्णय रद्द किया जाए, तथा आदिवासी और वन भूमि पर बसे लोगों को अधिकार दिए जाएं। संगठन ने 10 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस को लेकर केंद्र और राज्य सरकार से विशेष कार्यक्रमों और अधिकार बहाली के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि भूमिहीन किसानों को आवासीय प्लॉट उपलब्ध कराए जाएं और विस्थापितों को पुनर्वास की गारंटी दी जाए।

तिरंगा यात्रा के दौरान संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि सरकार केवल वादों तक सीमित है जबकि जमीनी स्तर पर किसान लगातार आर्थिक संकट और खेती-किसानी की गिरती हालत से जूझ रहे हैं। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदेश महासचिव मलकित सिंह चीमा, गुरु प्रताप सिंह, गुरविंदर सिंह, मलिक सिंह, गुरमेल सिंह, जय हिंद चौहान, दिलबाग सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



**भारतीय किसान यूनियन के ज्ञापन पर एसडीएम का बयान**

एसडीएम मिहींपुरवा प्रकाश सिंह ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन सजग है। प्रयास किया जा रहा है किसानों को कोई भी समस्या ना आने दी जाए। यदि फिर भी कहीं किसानों का कोई समस्या आती है तो वह तुरंत तहसील प्रशासन से संपर्क करें। अतिशीघ्र उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

### सरस्वती विद्या मंदिर में जन्माष्टमी समारोह, कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण की झांकी और पूजा–अर्चना से हुई। राधा–कृष्ण के वेश में सजे बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने नृत्य, भजन और कृष्ण लीला प्रस्तुत की। बच्चों की भाव–भंगिमाओं और संवाद अदायगी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सजीव कर दिया। कार्यक्रम में अभिभावक और आचार्य उपस्थित रहे।विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, कर्म, प्रेम और कर्तव्य की सीख देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम उनकी प्रतिभा का परिचायक है और यह हमारी संस्कृति से जुड़ाव का माध्यम भी है।

# पयागपुर में एसडीएम और तहसीलदार की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, पयागपुर तहसील परिसर से आज एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने पूरे कस्बे को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

इस यात्रा का नेतृत्व स्वयं एसडीएम अश्वनी पांडे और तहसीलदार रविकांत द्विवेदी ने किया। उनके साथ तहसील के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस विभाग के जवान और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह यात्रा तहसील परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाज़ार, थाना चौराहा और पयागपुर से होते हुए विशेश्वरगंज थाने तक गई। देशभक्ति के नारे लगाते हुए मोटरसाइकिल पर सवार ये अधिकारी और नागरिक वापस तहसील परिसर आकर समाप्त हुए। यात्रा के दौरान चारों ओर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर, एसडीएम अश्वनी पांडे ने कहा, तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारी आज़ादी, गौरव और समर्पण का प्रतीक है। हमें इसका सम्मान करते हुए सदैव राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। तहसीलदार ने भी सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। इस यात्रा ने स्थानीय लोगों में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को और भी मजबूत किया।



**भारत-नेपाल सीमा पर निकली तिरंगा यात्रा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारत–नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में एसएसबी 42 वाहिनी के जवानों ने हिस्सा लिया। स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठन और स्कूली छात्र–छात्राएं भी यात्रा में शामिल हुए। यात्रा लार्ड बुद्धा स्कूल से शुरू हुई। यह नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भारत–नेपाल सीमा तक पहुंची। रानी लक्ष्मी बाई और भारत माता की वेशभूषा में सजे बच्चों ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम का मकसद लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना था। यात्रा में शामिल लोगों ने क्षेत्रवासियों से अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है।

## खबरें एक नजर में

### पब्लिक सिटी मांटेसरी में बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** को तिरंगा रैली प्रातः 8.30 बजे पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगरहवा बलरामपुर में निकाली गई जिसमें प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ला, सहित कोतवाली देहात के कांस्टेबल राहुल वर्मा, प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र शुक्ला, प्रशासक डॉक्टर के.के मिश्रा सहायक अध्यापक जेपी शुक्ला, राजेश यादव, राजेंद्र उपाध्याय, अमिताभ पांडे, रानू श्रीवास्तव, शिव वाल्मीकि, सुरेश चौहान, अलका श्रीवास्तव, विनीता, ललिता, रागनी एवं शालू पांडे सहित तमाम सम्मानित अभिभावक गण एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### सरयू का बढ़ा जल स्तर, स्थानीय लोगों के लिए बना चुनौती

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सरयू नदी का बढ़ा जलस्तर स्थानीय निवासियों के लिए चुनौती बन गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच रही हैं। चिकित्साधिकारी डॉक्टर देव प्रताप सिंह मरीजों की जांच कर दवाइयां वितरित कर रहे हैं। साथ ही मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दे रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में तीन मेडिकल टीमें तैनात की हैं। एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। इससे आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि विभाग की टीमें लगातार दवाइयों का वितरण कर रही हैं। वे नियमित रूप से लोगों से संपर्क कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं। विभाग की प्राथमिकता है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सभी बीमार लोगों को समय पर दवाइयां और चिकित्सा सहायता मिल सके।

### थाने से चंद कदमों की दूरी पर बड़ी चोरी, जनरेटर अल्टीनेटर गायब



**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाने से चंद कदमो की दूरी पर चोरो ने चौकीदार को बंधक बना लूट की वारदात को अंजाम देते हुए दो जनरेटरों के कीमती अल्टरनेटर चोरी कर लिये।घटना की जानकारी होने पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर मे बुधवार रात चोरो ने थाने के नजदीक स्थित मीरा एवं रज्जू इंटरप्राइजेज को निशाना बनाया।चोरो ने पहले चौकीदार मोहम्मद फारुख को गमछे से बांधकर उनकी पिटाई की। इसके बाद परिसर में खड़े दो जनरेटरों से कीमती कॉपर अल्टरनेटर चुरा लिए।चौकीदार के मुताबिक रात में चार लोग आए और उन्हें बंधक बना लिया।चोरों ने पहले पत्थरबाजी की,फिर अंदर घुसकर शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। पत्थरबाजी में बुजुर्ग चौकीदार के पैर में गंभीर चोट आई है।घटना की सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस, सीओ और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच शुरू कर दी है। थाने के इतने नजदीक हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की देर शाम को खेत देखने गए युवक को करंट लगने से हालत गंभीर हो गई। परिवारजन उसे मेडिकल कालेज लेकर आए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कैसरगंज कोतवाली इलाके के मल्हानपुरवा निवासी 42 वर्षीय अमेरिका प्रसाद बुधवार की देर शाम को खेत देखने जा रहा था। तभी बगल के खेत में लोहे के तार ने बिजली का तार लगाया था। जिससे उसे करंट लग गया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज लेकर आए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद से परिवारजन में कोहराम मचा हुआ है।

### अधिवक्ताओं ने निकाली तिरंगा रैली



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार की सुबह तहसील हैदरगढ़ के अधिवक्ताओं द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकली गई ।जिस में मुख्य रूप से तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र, महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऊषा सिंह, उपाध्यक्ष कमल पांडे, रूपनारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष बनवारी लाल, प्रशासन मंत्री आशीष मिश्रा, बृजेन्द्र प्रताप सिंह बिज्जू, महावीर सिंह, जितेंद्र सिंह, दिनेश दत्ता मिश्रा, हरिहर प्रसाद मिश्रा, अरविंद त्रिवेदी, मंशाराम यादव, संजीव कुमार पांडे मौजूद रहे।

# कालाबाज़ारी, जमाखोरी अथवा वितरण में अनियमितता नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

**डीएम ने पीसीएफ खाद गोदाम व सहकारी समिति का किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** जलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने बृहस्पतिवार को बहराइच रोड मुण्डेरवा माफी में स्थित पीसीएफ (प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन) खाद गोदाम एवं सहकारी समिति मुण्डेरवा माफी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में खाद के भंडारण, वितरण एवं अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव तथा डीआर कोऑपरेटिव भी मौके पर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने गोदाम में पाई गई अनियमितताओं एवं व्यवस्थागत खामियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि खाद की आपूर्ति, वितरण तथा अभिलेखों की पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसानों को समय से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा है कि जिले में किसी प्रकार की कालाबाज़ारी, जमाखोरी अथवा वितरण में अनियमितता को कदापि सहन नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक तौर पर कुछ कमियों एवं संभावित अनियमितताओं के संकेत मिले हैं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए जांच हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच आख्या तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा है कि खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगाँठ पर समाज कल्याण विभाग द्वारा इमराल्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी एंड नर्सिंग कालेज में नशामुक्त जागरूकता अभियान के तहत नशीली दवाओं की रोकथाम विषय पर कालेज के छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा जिले में ड्रग्स के कारोबार को जड़ से खतम करने के लिए संवेदनशील है। पूरी सख्ती के साथ निगरानी की जा रही है, दो वर्षों में लगभग तीन सौ करोड़ के ड्रग्स को पकड़ा गया है,और उसे न्यायालय के निर्देश पर नष्ट कराया गया। ड्रग्स के कारोबार से जुड़े लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की गई है। उन्होंने




छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ड्रग्स से दूर रहें और लोगों को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के चेयरमैन योगेंद्र सिंह यादव ने की और छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए बताया।

उन्होंने कहा कि कॉलेज में एंटी स्मोकिंग कमेटी बनी है जो छात्रों की निगरानी करती है। समाजसेवी व बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया और कहा कि कैरियर में बाधा नशे की लत है, नशेड़ियों की संगत में है, रत्नेश कुमार ने कहा कि सभी बुराइयों की जड़ नशा है, नशा अपराधों की जननी है, इसलिए छात्र नशे से दूर रहकर अपने कैरियर पर फोकस करें।

### वैकल्पिक उर्जा के लिए सोलर रूफटाफ है श्रेष्ठ विकल्प : अक्षय त्रिपाठी

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर की आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी नेडा सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि योजना अन्तर्गत 70 से 75 प्रतिशत की प्रगति है अब तक 1150 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके है तथा 2277 आवेदन पत्रों पर कार्यवाही प्रगति पर है।

जनपद में योजनान्तर्गत सोलर नेशन ग्रीन पावर सोलेशन, एमएस भारत बैटरी वर्कस, पारस ट्रडर्स, इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया, आराध्या एजेन्सी, आर.के. मशीनरी स्टोर्स, रोहित सोलर एनर्जी, ए.के. इण्टर प्राइजेज, टेक्सफिलिक्स, टेक्नालोजी प्राइवेट लिमिटेड, गौरव बैटरी सर्विस, एम.एस. सुपर बैटरीज, सुपर बैटरी एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क, फलक एनर्जी,कलर मोबाइल वर्ल्ड, राव एजेन्सी, नक्षत्र स्मार्ट इको सोलेशन व ए.पी.एस. सोलर मल्टी सर्विसेज वेन्डर कार्य कर रहे है।

# पारिवारिक कलह में विवाहिता ने दो बच्चों के साथ गोमती में लगाई छलांग

**छोटे बच्चे का शव बरामद, बड़े बेटे व महिला का शव ढूंढ रहे गोताखोर**

समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़, बाराबंकी ।** पारिवारिक कलह के चलते बुधवार की देर शाम एक विवाहिता ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ गोमती नदी में औसानेश्वर घाट पुल से छलांग लगा दी। थाना कोठी पुलिस ने छोटे बेटे का शव नैपुरा घाट पुल के पास गोताखोरों की मदद से नदी से बरामद कर लिया है। वही महिला व उसके बड़े बेटे के शव की तलाश की जा रही है।

कोठी थाना क्षेत्र के बिबियापुर थाना गांव के पूर्व प्रधान स्व0 मंशाराम यादव की पुत्री मिथिलेश कुमारी (28) का विवाह इसी थाना क्षेत्र के सधई भगत पुरवा मजरे डिंघावां निवासी मनोज यादव पुत्र बाबूलाल यादव से हुआ था। 2021 में पति की मौत के बाद इसी वर्ष नवरात्रि में मिथिलेश कुमारी का विवाह देवर भोला उर्फ हुकुम सिंह से हो गया था। मुंबई



में काम करने वाला देवर शादी के कुछ दिन बाद ही मुंबई चला गया था। मृतका अपने 3 वर्षीय पुत्र अंशु एवं 6 वर्षीय पुत्र अजय को लेकर अपने सास ससुर के साथ रहती थी। पता चला है कि सास ससुर ने महिला को परिवार से अलग कर दिया था और 20 बीघा जमीन होने के बावजूद केवल 10 बिश्वा जमीन महिला को बंटवारे में दी थी। जिससे महिला का गुजर बसर नहीं हो पा रहा था। चर्चा यह भी है की ससुर का चाल चलन ठीक नहीं था जिसकी वजह से महिला और ज्यादा परेशान रहती थीं। बताते हैं कि बुधवार को इन्हीं कारणों को लेकर महिला का अपने सास ससुर से इतना ज्यादा विवाद हो गया कि मिथिलेश कुमारी ने अपने दोनों बच्चों के साथ जिंदगी समाप्त करने की ठान ली।

### चोरी की बाइक बरामद



**जैदपुर, बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र में एक चोरी की बाइक को पुलिस ने बरामद किया है। औलियालालपुर गांव के जगदम्बिका शरण की बाइक जुलाई को सफदरगंज से चोरी हुई थी।मालिक ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई थी।जानकारी के अनुसार आज जब जगदम्बिका भानमऊ गए तो उन्होंने अपनी चोरी हुई बाइक को पहचान लिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक चला रहे व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि उन्होंने यह बाइक जैदपुर थाना क्षेत्र के टिकरा उस्मा के एक व्यक्ति से 17 हजार रुपये में खरीदी थी। सफदरगंज थाना प्रभारी अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि बाइक बेचने वाले व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। इस मामले से जुड़े अन्य चोरी के मामलों का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस जांच जारी है।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर टाइनी टाट्स स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता हुई आयोजित

समृद्धि न्यूज

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला बाजार स्थित टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ÷भारत का राष्ट्रीय ध्वज÷ रखा गया, जिसमें छात्रों ने तिरंगे का सुंदर चित्रण करते हुए उसके महत्व, इतिहास और विशेषताओं को अपनी कलाकृतियों में दर्शाया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी एकता, स्वतंत्रता और गौरव का प्रतीक है। इसे सम्मान देना और इसके महत्व को समझना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे देशभक्ति की भावना को अपने जीवन में हमेशा बनाए रखें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा



कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में रचनात्मकता के साथ-साथ देशप्रेम की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। तिरंगे के प्रत्येक रंग का अपना विशेष महत्व है और हमें इसे केवल प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आदर्शों के रूप में अपनाना चाहिए। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन कर विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता, रशीद रिजवी, के.डी. तिवारी, शिव शंकर गुप्ता, आरती कनौजिया सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, विस्थापित परिवारों के सदस्य सम्मानित

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** भारत-पाक बंटवारे की भयानक त्रासदी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले नागरिकों के सम्मान तथा भयानक त्रासदी का दंश झेलने वाले परिवारों को ढ़ाढस बंधाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ अशोक बाजपेयी ने सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच सुधा देवी के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य अतिथियों के साथ विस्थापित परिवारों के सदस्यों वेद प्रकाश अरोरा, सरदार धर्मवीर सिंह, हरबीर कौर, सरदार भूपेंद्र सिंह, सरदार मनदीप सिंह, सुशील भल्ला, कुलभूषन अरोरा, मनीष मल्होत्रा, सरदार इन्द्रजीत सिंह, सरदार जसबीर सिंह, राजेश मन्सानी व डॉ. गर्वित मल्होत्रा को अंगवस्त्र व मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभाजन की विभीषिका पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी तथा डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ अशोक बाजपेयी, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, कुलभूषण अरोड़ा, प्रोफेसर कृष्ण कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन जहां विभाजन की त्रासदी से पीड़ित परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक माध्यम है। ऐसे आयोजन से एकता अखण्डता व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द की भावना बलवती होती है। विभाजन के

**उपलब्धि** | **आयुष मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिवकुमार व'पत्नी कुसुम को विशिष्ट अतिथि के रूप में किया आमंत्रित**

# औषधीय फसलों की खेती में शिवकुमार ने बनाई राष्ट्रीय पहचान

समृद्धि न्यूज

**मनकापुर/ गोंडा।** वी.आर.समग्र जलवायु फल एवं औषधि शोध संस्थान के संचालक शिवकुमार मौर्य ने औषधीय फसलों की खेती में राष्ट्रीय पहचान बनाई।

आयुष मंत्रालय, आयुर्वेद विभाग नई दिल्ली द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिवकुमार मौर्य और उनकी धर्मपत्नी कुसुम मौर्य को विशिष्ट अतिथि के रूप में फ्लाइट से नई दिल्ली आमंत्रित किया गया है । यह जनपद गोंडा के लिए एक विशेष उपलब्धि है । वह ग्राम रायपुर विकासखंड वजीरगंज के प्रगतिशील कृषक हैं । शिवकुमार मौर्य एवं उनके धर्मपत्नी औषधीय फसलों की खेती से प्राप्त उपज का प्रसंस्करण कर विपणन का कार्य करते हैं । श्री मौर्य के पिताजी स्वर्गीय वंशराज मौर्य औषधीय फसलों की खेती के साथ-साथ वैद्यकी भी



करते थे । देशी जड़ी- बूटियों के द्वारा दमा, अस्थमा, डायबिटीज, कब्ज आदि जटिल बीमारियों का इलाज कम खर्च में करते थे। इस काम को शिवकुमार मौर्य द्वारा आगे बढ़ाया गया। उन्होंने समय-समय पर केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौध संस्थान लखनऊ, एनबीआरआई, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र आदि से तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर घृतकुमारी, सहजन, तुलसी, हल्दी आदि औषधीय फसलों की खेती कर रहे हैं । प्राप्त उपज का प्रसंस्करण कर एलोवेरा जेल, तेजस तुलसी पंचांग, सहजन पाउडर आदि तैयार कर अच्छी कीमत में विपणन करते हैं । प्रसंस्करण करने हेतु उन्नत मशीनरी जैसे ड्रायर, जूसर आदि लगाई गई हैं। प्रगतिशील किसान, स्कूली बच्चे,अधिकारी बागवानी देखने एवं आयुर्वेदिक इलाज के लिए मरीज दूर-दूर से आते हैं । इनके द्वारा निर्मित औषधीय उत्पाद जनपद में विकास भवन के पास स्थित अरगा स्टोर में विक्रय हेतु उपलब्ध हैं । मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी,उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा इनकी खेती का भ्रमण कर जानकारी साझा की जाती है । खेती में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं । बागवानी फसलों में आम, चीकू खजूर नारियल हींग कमरख इलायची नींबू सेब पपीता चकोतरा बड़हल आदि के पौधे हैं । बिना बीज वाला अमरूद का फलदार पौधा भी है ।

नारियल के वृक्ष पर नमक का प्रयोग करके फल की उपज प्राप्त कर लेते हैं । सेब की हरिमन 99 प्रजाति प्रति वर्ष अच्छी फलत दे रही है । फसलों में कार्बनिक खादों नाडेप कंपोस्ट एवं वर्मी कंपोस्ट तैयार कर फसलों में प्रयोग करते हैं । आधा एकड़ सहजन की फसल प्राकृतिक खेती से करते हैं । इनके पास उन्नत किस्म की साहीवाल गाय एवं मुर्रा नस्ल की एक भैंस तथा एक पड़िया है। बागवानी फसलों के पौधे तैयार कर कृषकों को उपलब्ध कराते हैं। इनके द्वारा गन्ना, जामुन आदि का सिरका, आम का अचार, बेल का मुरब्बा, ऑवला की कैंडी आदि उत्पाद तैयार कर बिक्री की जाती है । इससे अच्छा मूल्य प्राप्त होता है। इनके द्वारा समय-समय पर दूरदर्शन आकाशवाणी, जनपद में आयोजित होने वाली किसान गोष्ठियों में प्रदर्शनी लगाकर तथा वार्ता में प्रतिभाग कर औषधीय फसलों की खेती की जानकारी प्रदान की जाती है। कुसुम मौर्य सम्राट महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं तथा अचार, मुरब्बा,जैम,जेली आदि का उत्पादन कर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। वह महिला सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण उदाहरण हैं।

## राहत का फैसला

सुप्रीमकोर्ट ने फिलहाल दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उन वाहन मालिकों को राहत दी है, जिनके वाहनों के खिलाफपहले कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। दरअसल, प्रदूषण संकट के मद्देनजर इन क्षेत्रों में दस वर्ष से अधिक के डीजल व पंद्रह वर्ष से अधिक के पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का निर्णय हुआ था। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने ऐसे वाहनों के मालिकों को राहत देते हुए अधिकारियों को दंडात्मक कार्रवाई रोकने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट एनजीटी के निर्देश को बरकरार रखने वाले 29 अक्तूबर 2018 के फैसले को वापस लेने की मांग से संबंधित याचिका पर विचार कर रहा था। दरअसल, एनजीटी के आदेश के अनुरूप ही वाहनों को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए थे। एनजीटी ने आदेशों के अनुपालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल का कोर्ट से आग्रह था कि दंडात्मक कदम रोकने के आदेश पर विचार किया जाए। कोर्ट ने इस बाबत चार सप्ताह में जवाब देने की बात कही है। दरअसल, दिल्ली सरकार की भी ऐसी मंशा थी, जिसने प्रतिबंध को अदालत में चुनौती दी थी। वास्तव में सत्ताधीशों को आशंका थी कि इस फैसले का व्यापक विरोध हो सकता है क्योंकि लोगों को औने–पौने दामों में महंगे वाहन बेचने को बाध्य होना पड़ता। जिससे उपजा आक्रोश ट्रिपल इंजन सरकार के लिये राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है। कोर्ट का यह भी कहना था कि केंद्र सरकार व गुणवत्ता प्रबंधन आयोग गंभीर अध्ययन करें ताकि अवधि आधारित प्रतिबंधों के मुकाबले उत्सर्जन आधारित मानदंडों का पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन हो सके। दरअसल, आम मध्यमवर्गीय परिवारों में कार का इस्तेमाल कम होता है और वे अपनी आर्थिक सीमाओं के चलते वाहनों को लंबी अवधि तक बड़े कायदे से रखते हैं। उनका वाहन अधिक वर्षों तक चलता है लेकिन उसके उपयोग की अवधि कम होती है। निस्संदेह, एक आम भारतीय के लिए कार आत्मीय अहसासों का प्रतीक भी है, जिसे वह आमतौर पर जीवन में एक बार ही खरीद पाता है। ऐसे में आत्मीय अहसासों से जुड़ी कार को औने–पौने दामों में बेचना उसके लिये कष्टकारी है। वैसे भी आजकल तमाम लोग भीड़–भाड़ से बचने के लिये टैक्सी का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में वाहन लंबे समय तक प्रदूषण रहित जीवन पा सकता है। दरअसल, दिल्ली सरकार का भी मानना था कि वाहनों की समय सीमा संबंधी नीति लागू करते वक्त इसके निर्माण वर्ष के बजाय वास्तविक इस्तेमाल के मानक पर विचार करें। दरअसल, दिल्ली सरकार ने जनाक्रोश के चलते इसे संवेदनशील विषय मानकर अपने नजरिये में बदलाव किया। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। लेकिन व्यावहारिक दिक्कतों व लोगों के रोष के मद्देनजर इसे क्रियान्वित नहीं किया जा सका था। सरकार ने महसूस किया कि फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी कि कदम समय से पहले उठा लिया गया। इस फैसले के क्रियान्वयन से जुड़ी परिचालनगत चुनौतियां भी सामने आई। जनाक्रोश के चलते राज्य सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया।

# पाकिस्तान की आर्थिक नाकामी फिर उजागर

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**भारत का यह कहना कि पाकिस्तान आईएमएफ फंड का इस्तेमाल सैन्य गतिविधियों और सीमापार आतंकवाद में कर सकता है, केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि ऐतिहासिक अनुभव पर आधारित चेतावनी है। जब रक्षा बजट साल-दर-साल बढ़ रहा हो और शिक्षा-स्वास्थ्य पर खर्च घट रहा हो, तो यह साफ है कि विकास प्राथमिकता सूची में नीचे है। पाकिस्तान ने अब तक लगभग 25 बार आईएमएफ की सहायता ली है, जो दुनिया में किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है। यह एक पैटर्न बन चुका है, बेलआउट, सुधार की घोषणा, फिर गिरावट। मई 2025 में जब आईएमएफ के बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान को 2.3 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी गई, तो भारत ने मतदान से दूर रहते हुए इस मदद पर आपत्ति जताई थी।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सात अरब डॉलर की विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत पाकिस्तान के लिए मंजूर पैकेज की दूसरी समीक्षा ने एक बार फिर उस सच्चाई को सामने रख दिया है, जिसे भारत लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रेखांकित करता आ रहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक संरचना इतनी जर्जर और राजनीतिक एवं सैन्य हितों से बंधी हुई है कि कोई भी वित्तीय मदद वहां स्थायी सुधार का रूप नहीं ले पाएगी। बीते सात दशकों में यह बार-बार साबित हुआ है कि बेलआउट पैकेज उस देश के लिए स्थायी समाधान नहीं हैं, जहां नीतिगत स्थिरता की कमी हो और आर्थिक प्राथमिकताएं राजनीतिक और सैन्य हितों से संचालित हों।

भारत का यह कहना कि पाकिस्तान आईएमएफ फंड का इस्तेमाल सैन्य गतिविधियों और सीमापार आतंकवाद में कर सकता है, केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि ऐतिहासिक अनुभव पर आधारित चेतावनी है। जब रक्षा बजट साल-दर-साल बढ़ रहा हो और शिक्षा-स्वास्थ्य पर खर्च घट रहा हो, तो यह साफ है कि विकास प्राथमिकता सूची में नीचे है। पाकिस्तान ने अब तक लगभग 25 बार (1958 से) आईएमएफ की सहायता ली है, जो दुनिया में किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है। यह एक पैटर्न बन चुका है, बेलआउट, सुधार की घोषणा, फिर गिरावट। मई 2025 में जब आईएमएफ के बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान को 2.3 बिलियन डॉलर की मंजूरी दी गई, तो भारत ने मतदान से दूर रहते हुए इस मदद पर आपत्ति जताई थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि प. हरिश ने पाकिस्तान को %आईएमएफ का बार-बार कर्ज लेने वाला देश% बताकर उसकी आर्थिक नीति की स्थिरता पर सवाल उठाए, और पाकिस्तान की आर्थिक असफलताओं को आतंक तथा कट्टरता से जोड़कर पेश किया। वस्?तुत- भारत ने जो पाकिस्?तान को लेकर आईएमएफ को चेताया और पूरी दुनिया को उसका सच दिखाया था, वह आज एक बार फिर से सच साबित हुआ है। हालिया समीक्षा में पाकिस्तान पांच में से तीन लक्ष्यों को हासिल करने में नाकाम रहा, जो अपने आप में आईएमएफ की शर्तों और पाकिस्तान की नीतिगत प्रतिबद्धताओं के बीच की गहरी खाई को उजागर करता है। पाकिस्तानी वित्त मंत्रालय की 'फाइनेंशियल ऑपरेशंस समरी' इस असफलता की पुष्टि करती है।

यहां ध्यान आता है वह समय जब आईएमएफ की पिछली बैठक में भारत के प्रतिनिधि परमेश्वरन अय्यर ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वैश्विक वित्तीय संस्थानों को अपनी प्रक्रियाओं में नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए, विशेषकर उन मामलों में जहाँ सहायता प्राप्त करने वाला देश सैन्य गतिविधियों और सीमा पार आतंकवाद में संलिप्त रहा हो, वहां किसी भी प्रकार की आर्थि?क सहायता या ऋण को मंजूरी नहीं देनी चाहिए। भारत की चिंता केवल आर्थिक नहीं है; उसका मानना है कि पाकिस्तान को मिलने वाली वित्तीय मदद का एक हिस्सा अप्रत्यक्ष रूप से उसकी सैन्य क्षमताओं को मज़बूत करता है, जिससे आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भी इसी संदर्भ में कहा कि जो देश पाकिस्तान को बार-बार बेलआउट दे रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि केवल वित्तीय सहायता देकर उसके मूल संकट का समाधान संभव नहीं है, जब तक कि उसकी नीतिगत और सुरक्षा-संबंधी दिशा में मूलभूत परिवर्तन न हो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तो और भी कड़े शब्दों में कहा था कि आईएमएफ की यह सहायता आतंक के लिए अप्रत्यक्ष वित्तपोषण साबित हो सकती है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस जोखिम को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चिंता जताई थी कि फंड जारी होने के समय पाकिस्तान न केवल आर्थिक संकट से जूझ रहा था, बल्कि सीमा पार हमलों में भी सक्रिय था, जिससे उसकी सैन्य गतिविधियों को आर्थिक सहारा मिला।

वस्तुतः भारतीय आर्थिक विश्लेषकों ने भी इस विफलता को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला का कहना है कि बेलआउट को सख्त निगरानी और ठोस सुधारों की शर्तों से जोड़ा जाना चाहिए, वरना यह केवल तात्कालिक राहत तक सीमित रह जाएगा। प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अशोका मोदी का तर्क है कि पाकिस्तान में सैन्य-राजनीतिक गठजोड़ सुधारों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है, और जब तक सेना का आर्थिक और राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म नहीं होगा, तब तक कोई भी वित्तीय पैकेज वास्तविक परिवर्तन नहीं ला सकेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर स्टेफ़न डेरकॉन ने पाकिस्तान को सीरियल बेलआउट क्लाइंट बताते हुए कहा कि इसके पीछे राजनीतिक अस्थिरता और संरचनात्मक कमजोरी है।

पाकिस्तान की विफलताएं सिर्फ आर्थिक नहीं, नीतिगत, संस्थागत और संरचनात्मक हैं। आईएमएफ का 7 बिलियन डॉलर का पैकेज एक बार फिर तय करता है कि केवल फंड देना पर्याप्त नहीं; उस पर कार्रवाई, निगरानी और जवाबदेही भी होनी चाहिए। भारत की आपत्तियां भारतीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की टिप्पणियाँ और पाकिस्तान की वास्तविकता, ये सभी मिलकर एक संदेश देते हैं कि बेलआउट का असल स्थायित्व तभी सुनिश्चित होता है, जब सुधार नीति, राजनीतिक जवाबदेही और कैपिटिल इंटर्नल ज़रूरतों को साथ ले कर चलना हो।


भारत का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को केवल आर्थिक आंकड़ों और तात्कालिक स्थिरता के आधार पर निर्णय नहीं लेना चाहिए। सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, और सहायता का वास्तविक उपयोग जैसे पहलुओं को भी महत्व देना चाहिए। पाकिस्तान का मामला यह स्पष्ट करता है कि बिना जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित किए दिया गया बेलआउट केवल संकट को आगे खिसकाता है, समाप्त नहीं करता।

यही कारण है कि भारत ने न केवल आईएमएफ बल्कि विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसे अन्य संस्थानों को भी बार-बार चेताया है कि पाकिस्तान को दी जाने वाली किसी भी मदद को कड़े सुधारों और निगरानी के साथ जोड़ा जाए।

## विचार

# भारत को बेकार में दोष दे रहा 'टैरिफ किंग' अमेरिका

**निरंजन**



**भारत सरकार ने अमेरिकन ट्रम्प प्रशासन को दो टूक शब्दों में बता दिया है कि यह कदम उसके किसानों, डेयरी उद्योग और खाद्य सुरक्षा के हितों के खिलाफ है। भारत का यह रुख केवल भावनात्मक या संरक्षणवादी नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक और सामाजिक आधार पर टिका हुआ है। देश के करोड़ों किसान और डेयरी क्षेत्र के लाखों छोटे उत्पादक अमेरिकी उत्पादों की बाढ़ में बुरी तरह प्रभावित हो सकते थे। यही कारण है कि भारत ने दबाव के बावजूद अपने हितों से आज कोई समझौता नहीं किया है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि अमेरिका के टैरिफ का असर सिर्फ द्विपक्षीय व्यापार तक सीमित नहीं रहता।**


वैश्विक अर्थव्यवस्था का ताना-बाना जितना खुला और परस्पर जुड़ा हुआ दिखाई देता है, उतना ही उसमें छिपा है नीतियों और रणनीतियों का जाल। इन नीतियों में एक अहम और विवादास्पद औजार है, आयात शुल्क यानी टैरिफ, जिसे किसी देश की सरकार विदेशी वस्तुओं पर लगाती है। ये सदियों से व्यापार नीति का केंद्रीय हिस्सा रहा है। इसके माध्?यम से कोई भी देश न केवल घरेलू उद्योगों की रक्षा करता है, बल्कि सरकारी राजस्व बढ़ाने का भी जरिया है। किंतु 21वीं सदी में, जब दुनिया मुक्त व्यापार और ग्लोबलाइजेशन की भाषा बोल रही है, तब टैरिफ मानो यह आर्थिक अधिकार के वर्चस्ववादी प्रतीक के रूप में देखाई देने लगता है।

